

### हमने अच्छी चुनौती पेश की: मयंक

पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने स्मिथ का बचाव करते हुए कि आखिरी ओवर में मैच किसी भी टीम के पक्ष में जा सकता था। अग्रवाल ने कहा, 'यह कड़ा मैच था लेकिन हमने अच्छी चुनौती पेश की। हमने अच्छा स्कोर बनाया था। आखिरी ओवर में मैच किसी भी टीम के पक्ष में जा सकता था। हम पूरी तरह से ओडियन का समर्थन करते है। यह केवल क्रिकेट का एक मैच है।' शुभमन गिल को उनकी 96 रन की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## जितनी तारीफ की जाए कम है: हार्दिक पंड्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर राहुल तेवतिया की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने दबाव में लंबे शॉट खेलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। गुजरात को आखिरी ओवर में 19 रन चाहिए थे। ऐसे में तेवतिया ने ओडियन स्मिथ की अंतिम दो गेंदों पर छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलायी। पंड्या ने मैच के बाद कहा, 'जिस तरह से मैच में उतार चढ़ाव आ रहे थे मैं तटस्थ बन गया था। तेवतिया की जितनी तारीफ की जाए कम है। क्रीज पर उतरते ही बड़े शॉट खेलना मुश्किल होता है तथा दबाव की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहतरीन प्रदर्शन है।' पंड्या ने कहा कि यह मैच किंग्स का था, तो मेरी उनके लिए थोड़ी सहानुभूति भी है कि वे इसे हार गए। गिल ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। इसके साथ ही पंड्या ने युवा बल्लेबाज साईकिशोर की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस खिलाड़ी को भी काफी श्रेय जाता है।

# 3 गेंदों की कहानी, जिन्होंने ब्रेबोर्न में राहुल तेवतिया को हीरो बना दिया

**क्रिकेट**

## तेवतिया ने पांच में से तीन गेंद का ही सामना किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ब्रेबोर्न स्टेडियम में शुक्रवार को 28 वर्षीय लेग स्पिनर और बाएं हाथ के बल्लेबाज राहुल तेवतिया ने आखिरी दो गेंदों में दो छक्के लगाकर गुजरात को लगातार तीसरी जीत दिला दी। तेवतिया मैच में सिर्फ पांच गेंद शेष रहते हुए मैदान पर आए थे, जिसमें गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। वह हार्दिक पंड्या के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए, जो रन आउट हो गए थे। 20वें ओवर की दूसरी बॉल से अपनी पारी की शुरुआत करने वाले तेवतिया ने पांच में से तीन का ही सामना किया और वे तीन गेंदें पंजाब किंग्स को मैच से दूर करने वाली थी।



**पंजाब किंग्स को हराने वाली वो तीन गेंदें:** 20वें ओवर की दूसरी और अपनी पहली बॉल तेवतिया को ऑफ स्टंप के बाहर डाली गई और वह डीप पॉइंट पर एक सिंगल के लिए गए। पांच गेंदों पर 18 रन के लक्ष्य के बावजूद केवल एक रन लेने से लक्ष्य और कठिन हो गया था। यह ओवर की चौथी बॉल थी, तेवतिया नॉनस्ट्राइक और डेविड मिलर स्ट्राइक पर थे, लेकिन ओवरथ्रो के कारण वह वापस स्ट्राइक पर आ गए, जिससे टाइटन्स के सामने अब दो बॉल में 12 रन का टारगेट हो गया। तेवतिया ने ओवर की पांचवीं गेंद पर छह ठोक दिया, इस छक्के ने उनका मनोबल और बढ़ा दिया, क्योंकि अब उनको आखिरी गेंद पर छह रनों की आवश्यकता थी।

तेवतिया ने अंदाजा लगा लिया था कि ओडियन स्मिथ फिर से वाइड गेंदबाजी करने की कोशिश करेंगे। जैसे ही कैरेबियाई बॉलर ने अपनी आखिरी गेंद डाली, तेवतिया स्टंप के बाहर जाकर खड़े हो गए और एक बड़े छक्के से बॉल को बाउंड्री पार भेजने में कोई गलती नहीं की, इस तरह गुजरात टाइटंस ने एक शानदार जीत हासिल की।

**लगातार पांच छक्के उड़ाकर जीता था मैच:** आईपीएल 2020 में राजस्थान रॉयल्स के लिए उस अद्भुत मैच में यह हार्ड-हिटर पहले भी एक ओवर में पांच छक्के लगा चुका है। तेवतिया ने तब सात छक्के लगाए थे, उन्होंने 31 गेंदों में 53 रन बनाए थे क्योंकि स्टीव स्मिथ की राजस्थान रॉयल्स ने जीत के लिए 224 का पीछा करते हुए शारजाह में तीन गेंद शेष रहते चार विकेट से मैच को अपने नाम किया था।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले इस टीम के साथ प्रैक्टिस मैच खेलेगा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इंडियन प्रीमियर लीग के खत्म होने के बाद इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली है। इस दौरे पर टीम इंडिया को तीन टी20 और फिर इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलने उतरेगी दोनों टीमें। हालांकि की खबर पिछले दौरे पर स्थगित किए गए टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले को भी खेलने की थी।

भारत जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले डर्बीशायर और नार्थम्पटनशायर के खिलाफ दो टी-20 अभ्यास मैच खेलेगा। ये मैच क्रमशरू एक और तीन जुलाई को खेले जाएंगे। ये दोनों मैच तब खेले जाएंगे जब भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले साल



कोरोना के कारण स्थगित किया गया पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। यह मैच एक से पांच जुलाई के बीच एजबेस्टन में होगा। भारत सीरीज में अभी 2-1 से आगे है।

डर्बीशायर ने अपनी वेबसाइट पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, श्भारत एक जुलाई को इंकोरा काउंटी ग्राउंड पर डर्बीशायर से भिड़ेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच सात जुलाई से तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे, जबकि इन दोनों टीम के बीच 12 जुलाई से तीन वनडे मैच की सीरीज होगी। सीरीज की शुरुआत से पहले भारतीय टीम को इंग्लिश कंडीशन में ढलने के लिए अभ्यास मैच की जरूरत थी। इन दो मुकाबलों के खेले जाने से टीम के सभी खिलाड़ियों को बेहतर मैच प्रैक्टिस मिल जाएगी।

भारतीय टीम को इंग्लैंड के दौरे पर जाने से पहले आयरलैंड जाना है। वहीं टीम इंडिया को आयरलैंड के साथ दो टी20 मैच खेलना है। यह मुकाबले डबलिन में 26 और 28 जून को खेले जाने की योजना है। कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय टीम इस सीरीज के बाद इंग्लैंड के दौरे पर रवाना होगी।

## भज्जी ने इस खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस का शाहरुख खान करार दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की शुरुआत आइपीएल के 15वें सीजन में निराश करने वाला रहा है और इस टीम को भी पहले तीन मैचों में लगातार पराजय का सामना करना पड़ा है। हालांकि मुंबई की टीम में अच्छे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है ऐसे में टीम का इस तरह का प्रदर्शन मायूस तो करता है। वैसे इस टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन तीसरे मैच में वो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा था और काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और अर्धशतक लगाया था। सूर्यकुमार के इस प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने इस 31 साल के बल्लेबाज को मुंबई टीम का शाहरुख खान करार दिया। सूर्यकुमार मुंबई की तरफ से पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे, लेकिन तीसरे मैच में केकेआर के खिलाफ उन्होंने 36 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली और मुंबई ने 162 रन बनाए। उनकी इस पारी के बाद भज्जी ने स्पोर्ट्सकीड़ा पर बात करते हुए किसी भी परिस्थिति में सूर्य की बल्लेबाजी करने की क्षमता तो जमकर सराहा।

## न्यूज डायरी




### राजस्थान के जोस बटलर का आरेंज कैप पर कब्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन की शुरुआत हो चुकी है। सभी टीमों ने 2 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इसके साथ ही शुरू हो चुकी है बल्लेबाजों के बीच रनों ही जंग। आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर शामिल हैं। राजस्थान के जोस बटलर का बल्ला हल्ला बोल रहा है तो शुभमन गिल भी किसी से पीछे नहीं हैं। टीम जीत के लिए तरस रही है लेकिन मुंबई के इशान किशन के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं।इस वक्त सबसे ज्यादा रन बनाने के मामल में राजस्थान के जोस बटलर हैं। बैंगलोर के खिलाफ खेली गई उनकी 70 रनों की नाबाद पारी से उनके रनों का आंकड़ा 200 के ऊपर पहुंच गया है। उनके खाते में 3 मैच के बाद 205 रन हो गए हैं। दूसरे नंबर पर नई टीम गुजरात के बल्लेबाज शुभमन गिल ने जगह बना ली है। इस सूची में मुंबई के बल्लेबाज इशान किशन चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। इस सूची में 5वें नंबर पर लखनऊ के बल्लेबाज क्विंवट डीकाक ने जगह बना ली है।

### पर्पल कैप की रेस में छाया हुआ है कोलकाता का ये गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। सनराइजर्स हैदराबाद को छोड़कर सभी टीमों ने 3 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस सीजन में अब हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 128 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में इस सूची में वो गेंदबाज टाप पर है जिसे मेगा आक्शन के पहले दिन खरीददार तक नहीं मिला था। कोलकाता की तरफ से खेल रहे उमेश यादव 4 मैचों में 9 विकेटों के साथ लीड कर रहे हैं। इसमें से 4 विकेट तो उन्होंने एक ही मैच में हासिल किया था। उन्होंने हर मैच में कोलकाता को पावरप्ले में विकेट दिलाई है। इस सूची में दूसरे नंबर पर राजस्थान के गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने जगह बना ली है।

### ब्रेंडन मैकुलम और इयोन मोर्गन की सोच एक जैसी: सैम बिलिंग्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के इंग्लिश विकेटकीपर बल्लेबाज सैम बिलिंग्स लंबे समय से इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहे हैं। वह आइपीएल के इस सत्र में केकेआर के लिए खेल रहे हैं। उनके अनुसार आइपीएल ऐसा मंच है जहां वह अपने कौशल का प्रदर्शन आसानी से कर सकते हैं। केकेआर और इंग्लैंड की टी-20 टीम इस समय किसी भी समय आक्रामक खेल खेलने की रणनीति पर चल रही है। बिलिंग्स ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और इंग्लिश कप्तान इयोन मोर्गन की सोच एक जैसी है। मोर्गन पिछले सत्र में केकेआर के कप्तान भी थे। मेरे ख्याल से मैकुलम और इयोन मोर्गन (इंग्लैंड के कप्तान) के बीच काफी समानताएं हैं। यह दोनों काफी करीबी मित्र भी हैं। दोनों की सोच एक जैसी है।

### मुझे कोहली और बाबर दे दो, साथ में 9 लकड़ी के टुकड़े, विश्वकप ला दूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अपने बयान की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों पीसीबी के अध्यक्ष रमीज रजा ने इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान प्रीमियर लीग को लेकर बयान दिया था। अब पूर्व विकेटकीपर रशिद रतीफ ने विराट कोहली और बाबर आजम को लेकर एक बात कही है। उनका कहना था कि वह सिर्फ इन दो खिलाड़ियों के लेकर विश्व कप ट्राफी जीत सकते हैं। मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व बास ने एक बार कहा था कि आप मुझे 10 लकड़ी के टुकड़े और जिनेदिन दे दीजिए, मैं आपको चौंपियंस लीग जीत कर दिखा दूंगा। अब ऐसा ही कुछ पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर राशिद लतीफ ने कहा है।